# भारतीय जनता पार्टी

**(**केंद्रीय कार्यालय**)**
**6**ए**,** दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

दिनांक: 02 अप्रैल 2024, मंगलवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा कर्नाटक के बेंगलुरू में 'शक्ति केंद्र प्रमुख सम्मेलन' में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**2024 के लोकसभा चुनाव में परिवारवादी-भ्रष्टाचारी गठबंधन की हार होगी**

**************

**कर्नाटक से इस बार 60% वोट और सभी 28 सीटें NDA को मिलने जा रही हैं**

**************

**कर्नाटक में जनता इस बार कांग्रेस का खाता भी नहीं खुलने देगी**

**************

**मोदी जी ने घोषणा पत्र के सभी वादे पूरे किए**

**************

**INDI गठबंधन कर रहा है भ्रष्टाचारियों को बचाने के लिए सभाएं**

**************

**भाजपा का हर कार्यकर्ता मोदी जी का संदेश हर घर तक पहुंचाएगा**

**************

**भ्रष्टाचार में लिप्त सिद्धारमैया सरकार कर्नाटक के जनकल्याण भुला चुकी है**

**************

**कर्नाटक में कांग्रेस के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री कुर्सी की लड़ाई में व्यस्त हैं**

**************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कर्नाटक के बेंगलुरू में 'शक्ति केन्द्र प्रमुख सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में शानदार जीत सुनिश्चित करने में कार्यकर्ताओं की भूमिका महत्वपूर्ण है भूमिका। श्री शाह ने आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की लोकप्रियता और शासन के ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डालते हुए 400 सीटों का लक्ष्य को पूरा करने का आह्वान किया और उन्होंने विपक्ष के नेतृत्व वाले भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार की रजनी पर निशाना साधा। इस अवसर पर कर्नाटक भाजपा संसदीय बोर्ड के सदस्य श्री बीएस येदियुरप्पा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री विजयेंद्र येदियुरप्पा, संसदीय कार्यमंत्री श्री प्रह्लाद जोशी और बेंगलुरू सांसद श्री तेजस्वी सूर्या सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

श्री अमित शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की अहम भूमिका निभानी है। **आगामी लोकसभा चुनाव में एक तरफ आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा एवं एनडीए है और दूसरी तरफ परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की गठजोड़ वाली का "इंडी गठबंधन" है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सभी कार्यकर्ताओं के सामने 400 पर का लक्ष्य रखा है।** 2014 में भाजपा को कर्नाटक में 43 प्रतिशत वोट के साथ 17 सीटों और 2019 में 51 प्रतिशत वोट के साथ 25 सीटों पर जनता का आशीर्वाद

मिला, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए आगामी लोकसभा चुनाव में सभी 28 सीटों पर जीत हासिल करेगा।

इंडी गठबंधन की रैली पर निशाना साधते हुए केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि **घमंडिया गठबंधन ने दिल्ली के रामलीला मैदान में संविधान बचाओ, लोकतंत्र बचाओ के नाम से रैली की, मगर इस सभा का वास्तविक उद्देश्य सभी भ्रष्टाचारियों को बचाने का था।** भाजपा ने 2014 में ही भ्रष्टाचारियों को काल कोठरी के पीछे डालने का वादा किया था और आज वो वादा पूरा भी हो रहा है। कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ और टीएमसी के मंत्री के घर से 51 करोड़ का काला धन जब्त किया गया है। **कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार जनता के हित में कार्य नहीं कर रही है, बल्कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार सत्ता की कुर्सी छीनने और बचाने में लगी है।** कर्नाटक में जनता को पानी की कमी झेलनी पड़ रही है और कांग्रेस पार्टी ने केंद्र सरकार को प्रस्ताव  तीन महीने देरी से भेजा और अभी आचार संहिता के कारण ये मुद्दा लंबित है।

श्री अमित शाह ने कहा कि **एक ओर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी हैं जिन पर 23 वर्षों तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के बाद भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है और दूसरी ओर घमंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का कुनबा बन गया है। कांग्रेस के शासनकाल में 12 लाख करोड़ रुपए के घोटाले हुए हैं और आज भी कांग्रेस नेता व कर्नाटक उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को भ्रष्टाचार से परहेज ही नहीं है।** श्री शाह ने कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटालों को जनता को याद करवाते हुए बताया कि **कांग्रेस के घोटालों में कोयला घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, 2-जी घोटाला, इएनएक्स मीडिया घोटाला, एयरसेल घोटाला, अंतरिक्ष देवास का घोटाला, नौकरी के लिए जमीन घोटाले जैसे कई अन्य घोटालों के साथ हिमाचल प्रदेश में सेब की बिक्री में भी घोटाला शामिल है।**

श्री शाह ने कहा कि **देश की जनता के सामने स्पष्ट विकल्प है, एक ओर 23 साल तक एक पैसे का भी भ्रष्टाचार नहीं करने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी है और दूसरी ओर 12 लाख करोड़ का घोटाला करने वाली कांग्रेस पार्टी है।** कांग्रस को जब भी सत्ता मिलती है ये लोग न केवल भ्रष्टाचार करते बल्कि जनता की सेवा में भी इनका मन नहीं लगता। 23 **साल तक मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली है। वहीं दूसरी ओर राहुल गांधी गर्मी आते ही विदेश चले जाते हैं।** लेकिन **आज पूरा देश एकजुट होकर आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के साथ खड़ा है। 2014 में आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार गारीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, वंचितों की सरकार है और इन 10 वर्षों में 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने का काम आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।**

श्री अमित शाह ने कहा कि **80 करोड़ गरीबों को नि:शुल्क राशन, 12 करोड़ शौचालय, 4 करोड़ गरीबों को घर, 10 करोड़ महिलाओं को उज्ज्वला कनेक्शन, 14 करोड़ से ज्यादा लोगों को नल से जल, 60 करोड़ गरीबों को 5 लाख तक का स्वास्थ्य का खर्च आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने दिया है।** उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी भाजपा द्वारा किया गए कई वादों का मजाक उड़ती थी कि 1950 से भाजपा का मैनिफेस्टो नहीं बदला लेकिन 10 साल के बाद आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी जनादेश के रूप में आशीर्वाद मांगते हुए 1950 से चले आ रहे मैनिफेस्टो को बदलने जा रहे हैं।

केन्द्रीय गृह श्री अमित शाह ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि **कांग्रेस पार्टी अनुच्छेद 370 को 70 साल से संभाल कर रखा था  लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने दूसरे कार्यकाल में 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 समाप्त कर दिया। कांग्रेस पार्टी 50 वर्षों से राम मंदिर का निर्माण को अटकाती,**

**भटकती रही मगर लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रभु श्री राम को उनके भव्य मंदिर में विराजमान कराया।** कांग्रेस पार्टी ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण स्वीकार नहीं किया क्योंकि उन्होंने डर था कि उनकी वोट बैंक की राजनीति खत्म हो जाएगी। भाजपा सरकार ने अहम निर्णय लेते हुए **नागरिकता (संशोधन) अधिनियम को लागू किया जिससे पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से भारत आए शरणार्थी, हिन्दू, बौद्ध, सिख और जैन शरणार्थियों को नागरिकता प्राप्त होगी, मगर कांग्रेस पार्टी ने उस पर भी आपत्ति जताई।**

श्री शाह ने कहा कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली सरकार के 10 साल के कार्यकाल में हर दिन पाकिस्तान से आतंकवादी भारत में आकार आतंक मचाते थे लेकिन आतंक को खत्म करने पर भी एक शब्द भी नहीं कहते थे। आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी आतंकवाद पर नकेल कसने का कार्य किया है। **यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भाजपा ने कर्तव्य पथ का निर्माण किया, 150 साल पुराने अंग्रेजों के कानून को बदला और देश को 11वें स्थान की अर्थव्यवस्था से 5वें स्थान पर लाने का कार्य किया है।** उन्होंने कार्यकर्ताओं से निवेदन करते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में एनडीए को 400 का आंकड़ा पार कर मोदी की गारंटी देश की अर्थव्यवस्था पांचवें से तीसरे स्थान पर लाकर खड़ा कर देंगे। देश के आधारभूत संरचना को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने आगे बढ़ाने का कार्य किया है। **10 साल में हर सप्ताह एक नया विश्वविद्यालय, हर दिन 37 स्टार्टअप खोले गए, हर दिन 16 हजार करोड़ का लेनदेन यूपीआई से किया जा रहा है, 14 किलोमीटर रेल मार्ग बना है, 50,000 महिलाओं को गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और हर घर नल से जल देने का कार्य आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।**

श्री शाह ने कहा कि **यूपीए की सरकार में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कर्नाटक के जनकल्याण के लिए मात्र ₹1 लाख 42 हजार करोड़ दिए थे, लेकिन आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने इस रकम को 3 गुना बढ़ा कर ₹4 लाख 91 हजार करोड़ करने का कार्य किया है ।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में ₹25 हजार करोड़ की लागत से सड़कों का निर्माण करवाया, ₹75 हजार करोड़ की लागत से रेलवे के क्षेत्र में सुधार किया और ₹11 हजार करोड़ की लागत से एयरवेज के क्षेत्र में काम किया गया है। अंत में श्री शाह ने कहा कि **हम सभी कार्यकर्ताओं को आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की छवि बन कर घर घर जाना है, उनका संदेश, उनके द्वारा किए गए काम और कांग्रेस द्वारा किए भ्रष्टाचार के बारे में जनता को अवगत करवाना है।** श्री शाह ने हुंकार भरते हुए जनता से एनडीए को 28 सीटों पर जीत हासिल करवाने और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को एक फिर से प्रधानमंत्री बनाने और 400 से अधिक सीटों पर विजयी बनाने का आग्रह किया।

**************************